वर्द्धमान न्यूज
Digital Edition
शिक्षा का उजियारा
Digital Edition | ब्यावर, 31 जुलाई 2025, गुरुवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क

सावन के पावन माह में वर्द्धमान परिसर बना शिवमय

वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्राओं ने धरा शिव पार्वती का रूप





सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते :





वर्द्धमान परिसर बना शिवमय

पावन पुनीत श्रावण मास में सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो जाता है। ऐसे में प्रदेश के ब्यावर जिले में शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी रहने वाली संस्था श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के अंतर्गत श्री वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्राओं द्वारा शिव-पार्वती की मधुरम छवि प्रस्तुत की गई..





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। शैक्षिणिक एवं सामाजिक सरोकार में अग्रणी रहने वाली ब्यावर जिले की प्रमुख संस्था श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के अंतर्गत श्री वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्राओं द्वारा सावन की बेला पर भगवान शिव पार्वती की मधुरम प्रस्तुति दी गई।

जैसे साक्षात् प्रभु अवतरित हुए वर्द्धमान परिसर में...

वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं द्वारा शिव एवं पार्वती की ड्रेस डिजाइन की गई। मेकअप विभाग की छात्राओं द्वारा शिव-पार्वती का मनमोहक रूप सजाया गया। इस अवसर पर भगवान शिव की भूमिका महाविद्यालय की छात्रा भावना वैष्णव और पार्वती की भूमिका राजश्री चौहान ने निभाई। इस दौरान भगवान शिव पार्वती के स्वरुप का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया साथ ही महादेव के तांडव की प्रस्तुति दी गयी और बड़ी संख्या में छात्राओं ने ऊं नमः शिवाय के साथ किया अभिनन्दन।

इस अवसर पर शिक्षण समिति मंत्री डा. नरेन्द्र पारख ने छात्राओं द्वारा तैयार किये गए स्वरूपों की प्रशंसा की। साथ ही उन्हें आने वाले समय में अपनी कला के द्वारा प्रत्येक पर्व-त्यौहार को महाविद्यालय प्रांगण में अलग तरह से मनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.सी. लोढा ने छात्राओं द्वारा शुरू किये गए इस नवीन अभिनव की सराहना करते हुए कहा कि साक्षात् शिव पार्वती के वर्द्धमान प्रांगण में आगमन से माहौल भक्तिमय हो गया है।यह जीवंत झांकियां मुख्य आकर्षण केंद्र रही और इन्हें देख सभी मन्त्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर अकादमिक डीन डॉ. नीलम लोढ़ा ,स्किल नोडल अधिकारी छवि गरवाल, व्याखाता रितु प्रजापति, प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री, भावना सोनी सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

मानसून की बारिश से हरियाली से आच्छादित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज केम्पस...



वर्द्धमान रूट्स में रचनात्मक गतिविधियों से सजा शनिवार सफेद दिवस, पपेट शो और रेत कला का अद्भुत संगम











वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल-वर्द्धमान रूट्स में प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी बच्चों के लिए मनोरंजक व ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

विगत शनिवार का मुख्य आकर्षण रहा- सफेद दिवस, पपेट शो और रेत कला गतिविधि,

इस कार्यक्रम को बड़े ही उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सफेद रंग की पोशाक पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया और पूरे परिसर में शांति व सौहार्द का वातावरण बना दिया।

सफेद वस्त्रों में सजे बच्चे किसी शांति के दूत जैसे प्रतीत हो रहे थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व को समझाना और विशेष रूप से सफेद रंग के शांति, पवित्रता और सरलता के प्रतीक स्वरूप से परिचित कराना था।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर ने बच्चों को सफेद रंग के महत्व और उसके निहित भावों के बारे में सरल व प्रेरणादायक शब्दों में समझाया। बच्चों ने इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सफेद रंग के प्रतीकों को पहचाना और रंगों की भाषा को समझा।

रेत-कला प्रतियोगिता (जिसे बालू-शिल्प प्रतियोगिता भी कहा जा सकता है)

इसमें मासूम बच्चों के नन्हे हाथों द्वारा बालू मिट्टी का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की आकृतियाँ, मूर्तियाँ एवं दृश्यात्मक चित्र बनाए गए। बच्चों की कल्पनाशीलता ने रेत के कणों को जीवंत रूप दे दिया — किसी ने प्रकृति का दृश्य उकेरा, तो किसी ने सामाजिक संदेश देती आकृति बनाई।

यह प्रतियोगिता न केवल एक मनोरंजक गतिविधि थी, बल्कि इससे बच्चों में सहयोग, टीम वर्क और नवाचार की भावना को भी बढ़ावा मिला।

पपेट शो...

- बच्चों के मनोरंजन और सीखने के उद्देश्य से एक रंग-बिरंगे पपेट शो का आयोजन भी किया गया। विभिन्न जानवरों और पात्रों के माध्यम से बच्चों ने खेल-खेल में बहुत कुछ सीखा।
- पपेट शो का मुख्य उद्देश्य था बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाना और स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक बनाना।
- शो के माध्यम से बच्चों को यह सिखाया गया कि - हमें अपने आसपास की सफाई का ध्यान रखना चाहिए।
- कूड़ा-कचरा सड़क या ज़मीन पर नहीं फेंकना चाहिए।
- हर प्रकार का कचरा केवल डस्टबिन में ही डालना चाहिए।
- साफ-सफाई रखने से हम बीमारियों से बच सकते हैं।

स्वच्छता हमारे देश, समाज और स्कूल को सुंदर बनाती है। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान रूट्स विद्यालय का लक्ष्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में बच्चों को मनोरंजन के साथ सिखाना और उन्हें एक सुरक्षित, आत्मविश्वासी एवं प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के रूप में विकसित करना है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)
(An I.S.O. 9001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 14001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 21001 : 2018 Certified) | (An I.S.O. 45001 : 2018 Certified)
राजस्थान का एक मात्र इन्टरनेशनल प्रमाणित ग्लोबल संस्थान
BEAWAR SESSION 2025-26 Largest Education Group
संचालित संस्थाएं
सफलता का मार्ग, चुनें हमारे साथ

श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय
Affiliated to M.D.S. University, Ajmer
BCA, B.Sc. (Maths/Bio.), B.Com, B.A., M.A., M.Com.
Call : 9413041326, 8764939500
E-mail : vardhmancollegebwr@gmail.com
Website : vardhmangirlscollege.com
EMPOWER YOURSELF WITH QUALITY EDUCATION

BHANWAR LAL GOTHI PUBLIC SR. SEC. SCHOOL
C.B.S.E., New Delhi Affiliated School (No. 1730316)
English Medium Co-Educational School
1st to 12th Science [Maths/Bio.], Commerce, Humanities
Call : 01462-254024, 256024
ADMISSION OPEN
blgpss.bwr08@yahoo.com blgothipublicschool.com

VARDHMAN INTERNATIONAL SCHOOL
VARDHMAN Roots
ENROL NOW
ADMISSION OPEN 2025-26
For Play Group to HKG
Age Criteria
Play Group (2 to 3 years)
Nursery (3 to 4 years)
LKG (4 to 5 years)
HKG (5 to 6 years)
YOUR KIDS DESERVE THE BEST EDUCATION
School Facilities
Liabrary
Activity Area
Playground
Air Conditioned Classrooms
Garden
Auditorium
Call to find out more
8104366056
8764939300
8764939400
E-mail : Vardhmaninternationalppgschool@gmail.com

श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
Affiliated to CBSE, New Delhi | Affiliation No. 1730650
English Medium Co-Educational School
Play Group to XII Science | Commerce
Call : 7240312942, 7742244090, 9413905855
Narsingh Agrasen Jain Vidhyapeeth, Beawar
Near IOC Colony, Sendra Road, BEAWAR
Website : najvidhyapeeth.com | Email : najvidhyapeeth@gmail.com

स्वराजंली
Music Classes Rhythm of Vardhman
for Womens, Girls
नृत्यांजलि
Call : 8764939600

VARDHMAN INSTITUTE OF FASHION DESIGNING & MAKEUP ARTIST
Affiliated to Vishwakarma Skill University, Jaipur
DESIGN YOUR DREAMS
MAKEUP HAIR BEAUTY
FASHION DESIGNING & MAKEUP ARTIST COURSE
9079228144, 9413041326

निरन्तर विकास की ओर अग्रसर
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति
श्री वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी
Call : 01462-251291, 9413041326
OUTSIDE NEHRU GATE, NEAR KRISHNA COLONY, BEAWAR (RAJ.)
shreevardhmanshikshansamiti@gmail.com www.vardhmanshikshansamiti.com

फल-सलाद सजावट प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) में









वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए फल-सलाद सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने फलों और सब्जियों को रंग-बिरंगे संयोजनों और कलात्मक प्लेटिंग के साथ प्रस्तुत किया। इसमें स्वाद और पोषण का संयोजन दिखाई दिया, सजावट के साथ स्वाद, स्वास्थ्य और रंग-रूपों का संतुलन बेहद प्रभावशाली था। स्वादिष्ट सलाद बनाने के साथ-साथ पोषण, फल-तरकारी और स्वास्थ्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. निवेदिता पाठक ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन ने यह दिखाया है कि जब रचनात्मक सजावट और स्वास्थ्य-सचेतना मिलते हैं, तो बच्चों में आत्म-विश्वास और टीम भावना निखर उठती है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए इस आयोजन को बच्चों के समग्र विकास में सहायक बताया, बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करते हुए क्रिएटिव सीख देती है।

शैक्षणिक निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, टीम भावना और स्वस्थ खान-पान को बढ़ावा देते है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य नागेश राठौड़ एवं विद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में ऋतु शर्मा, कृष्णा कंवर, कल्पना खत्री रही।



मानसून सीजन में झलकी खुशियों की बरसात









वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में प्री-प्राइमरी बच्चों के लिए मानसून सीजन में रैनी-डे सेलिब्रेशन किया गया। इस कार्यक्रम में बारिश के बूंदों की मधुर आवाज़ और बच्चों की उत्साह पूर्वक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को अद्भुत बना दिया।

बारिश का खुशनुमा मौसम बच्चों की खिलखिलाहट में बदल गया-रंगीन छतरियों, मिनी-रेंफ्लूड, रैन-फ्लो एक्टिविटीज़, और संगीत की ताल में बच्चों की बहार देखते ही बन गई।

प्रधानाचार्य डॉ. निवेदिता पाठक ने बच्चों की खुशी देख प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उनकी मासूमियत में छुपी ऊर्जा ने विद्यालय परिसर को जीवन्त बना दिया।

उप-प्रधानाचार्य नागेश राठौड़ ने कहा कि बच्चों की हँसी और खेल-कूद ने बारिश में एक नया उत्साह भर दिया।

समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने उत्साहवर्धन करते हुए संदेश दिया कि इस तरह के आयोजन बच्चों के समग्र विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

एकेडमिक निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज का दिन बच्चों और शिक्षकों दोनों के लिए यादगार रहेगा।

कार्यक्रम में बच्चों ने रबर बोट रेस, रॉबिन हुड चेज़ और रैन-बीट-डांस जैसी मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया।

बच्चों को बारिश की वैज्ञानिक जानकारी जैसे बादल एवं बूंदे कैसे बनती है इसकी जानकारी भी दी गई। अंत में कला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए छोटे-छोटे बारिश-थीम वाले चित्रों की प्रदर्शनी भी रखी गई। श्री नृसिंह अग्रसेन विद्यापीठ का यह आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क और पर्यावरण-सचेतना को भी बढ़ावा देने वाला था। बच्चों की मुस्कान, शिक्षकों का मार्गदर्शन और एक मधुर माहौल ने इस दिन को विद्यालय के लिए एक बेहतरीन यादगार पल बना दिया।

जादूगर आँचल ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में दिंनाक 18 जुलाई को विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु देश की ख्यातनाम जादूगर आँचल के स्पेशल मैजिक शो का आयोजन किया गया ।

अतिथि देवो भव: की परम्परा का निर्वहन करते हुए प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उपप्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने जादूगर आँचल को पुष्पगुच्छ भेंट कर व माल्यापर्ण करके स्वागत किया। जादूगर आँचल के पिताजी श्री गिरधारी कुमावत एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री विमल चौहान का भी स्वागत किया गया।

जादूगर आँचल ने जादू में निहित अंधविश्वासों को दूर करते हुए यह बताया कि जादू एक कला है, हाथ की सफाई एवं विज्ञान का संगम है। जादू कोई भूत प्रेत आत्माओं से नहीं होता है। साथ ही बच्चों को मोटिवशनल स्पीच के माध्यम से यह भी समझाया कि विद्यार्थी किस प्रकार अपने अध्ययन में सुगमता लाकर बौद्धिक विकास कर सकते है, साथ ही यह भी समझाया कि पढ़ाई में हमारे मस्तिष्क से ज्यादा मन का लगना आवश्यक है क्योंकि मन के हारे हार है और मन के जीते जीत जिसके लिए प्राणायाम एवं ध्यान अवश्य करें। अपने उद्बोधन के बाद जादूगर आँचल ने अपने हाथ की सफाई दिखाकर सभी का मनोरंजन किया । ऐसे हैरतअंगेज जादू के करतब देखकर सभी रोमांचित हो गए।







श्री विमल चौहान ने जादूगर आँचल का जीवन परिचय देते हुए बताया कि वे 4 वर्ष की छोटी उम्र से ही अपने पिता के सानिध्य में इस कला को सीखने का प्रयास करती आई है। वर्तमान में एक महिला जादूगर के रुप में देश-विदेश में ख्याति प्राप्त कर चुकी है। वे कई बार राज्य स्तर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति द्वारा भी सम्मान प्राप्त कर चुकी है।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा एवं उप प्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने जादूगर आँचल को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक गौतम चौहान द्वारा किया गया। मैजिक शो के दौरान सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। सभी ने मैजिक शो का भरपूर आनंद उठाया।




कोटि-कोटि आभार, साधुवाद...









प्रसिद्ध चिंतक, समाजसेवी, द साऊथ एशियन टाइम्स न्यूयॉर्क के चेयरमैन,मातृभूमि के अनन्य उपासक, ब्यावर की पावन माटी के उर्वरा रत्न श्री कमलेश जी मेहता यूएसए द्वारा अपने संचित धन का सर्वोत्तम उपयोग महिला शिक्षा उन्नयन एवं शैक्षणिक सुविधाओं की अभिवृद्धि हेतु दान के संकल्प को अपनाकर आदर्श स्थापित किया है। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय में स्थित सिंगी पुस्तकालय को आधुनिक परिपेक्ष्य में कंप्यूटरीकृत करने हेतु लगभग दो लाख रुपए की लागत से 6 कम्प्यूटर्स, प्रिंटर्स इत्यादि श्री निर्मल चंद जी कमलेश जी मेहता परिवार द्वारा उपलब्ध करवाए गए है। वर्द्धमान परिवार की ओर से आपका हार्दिक आभार, साधुवाद...

निवेदक-डा नरेन्द्र पारख (मंत्री)
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर



संकल्प से सिद्धि...

विगत 15 फरवरी 2025 को वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज विजिट के दौरान उन्होंने श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के सम्पूर्ण केम्पस को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं यहां की लाइब्रेरी सिंगी पुस्तकालय में कम्प्यूटर सेटअप लगवाने के लिए दो लाख रुपए के अर्थ सहयोग की मंशा जताई। उनकी ये मंशा नव शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने पर जुलाई माह में पूर्ण हुई। जब समिति के निर्देशानुसार कॉलेज प्रशासन द्वारा लाइब्रेरी में 6 नए कम्प्यूटर लगवाए गए।

19 फरवरी को वर्द्धमान न्यूज में प्रकाशन...


वर्द्धमान News
जीरो से हीरो बनने के लिए कड़ी मेहनत- सच्ची लगन जरूरी : कमलेश मेहता
वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में किया बहुमान
अमेरिका में 40 साल बाद भी मन में बसी है अपने वतन के माटी की महक





पहला सुख निःरोगी काया...

वर्द्धमान न्यूज

मानव जीवन मिला है तो इसका सबसे पहला सुख है आपकी ये काया पूरी तरह से निरोगी रहे। स्वस्थ रहने के लिए हमें हमारी दैनिक दिनचर्या, खान-पान, आचार-विचार एवं व्यवहार पर बड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आयुर्वेद का शाब्दिक अर्थ जीवन का विज्ञान है।

यह स्वास्थ्य की एक ऐसी समग्र प्रणाली है जिसका प्राचीन काल से पालन किया जा रहा है। आयुर्वेद के अनुसार, केवल बीमारियों या रोगों से मुक्ति ही स्वास्थ्य नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की स्थिति है। ये सुविचार श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के बीच ब्यावर जिले के प्रमुख आयुर्वेदाचार्य श्री राजेन्द्र जी वैद्य द्वारा साझा किए गए जोकि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख के विशेष अनुरोध पर महाविद्यालय परिसर का अवलोकन करने पधारे।

उन्होंने सम्पूर्ण परिसर को बड़ी तन्मयता के साथ देखकर मुक्तकंठ से समिति की प्रशंसा करी उन्होंने कहा वास्तव में इस केम्पस को देखकर एक बार तो ऐसा लगेगा कि हम देश के किसी महानगर के परिसर में है।

श्री जैन सेवा समिति ब्यावर के आयुर्वेदाचार्य डॉ राजेन्द्र जी वैद्य का श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी नाबरिया, कोषाध्यक्ष श्री रमेश चंद मेडतवाल, प्राचार्य डॉ आर सी लोढ़ा, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने माला, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके अभिनन्दन किया।



नगर के प्रबुद्धजनों का किया अभिनंदन...







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय में निवर्तमान उप सभापति श्री रिखब चंद खटोड़, लायन्स क्लब ब्यावर के अध्यक्ष लायन मोहित भारद्वाज, सचिव लायन प्रदीप भंडारी,लायन गोविंद बियानी का समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ आर.सी.लोढा ने माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत अभिनन्दन किया। इससे पूर्व अतिथियों ने सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर का अवलोकन किया एवं बड़ी प्रसन्नता जताई।





लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व प्रांतपाल लायन दिलीप तोषनीवाल ने महाविद्यालय परिसर में लॉयन डॉ नरेंद्र पारख को पिन लगाकर सम्मानित किया